हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 जिले में बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव अभियान …



13 दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन बना ग्रामीणों के…



# ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होगा तो कांग्रेस पूरे देश में चुनाव नहीं लड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व आबकारी मंत्री व कोंटा विधायक कवासी लखमा ने आज बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आगे होने वाले विधानसभा में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ेगी। जब तक बैलेट पेपर से चुनाव नहीं किया जाता है, तब तक कांग्रेस अपना विरोध जताते रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हुए चुनाव में गड़बड़ी सामने आई थी। जिसके बाद यह कहा गया कि छत्तीसगढ़ जैसा हाल हरियाणा में होगा। यही कारण है कि एआईसीसी की बैठक में भी तय हो चुका है कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव नहीं किया जाता है तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस को कोई डर नहीं है। डरने वाले भाजपा के नेता हैं। अगर बैलेट पेपर से चुनाव हो जाता है तो सब साफ हो जाएगा। पूर्व मंत्री श्री लखमा बुधवार को जिला पत्रकार कार्यालय भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अमेरिका जैसे देश में भी बैलेट पेपर से चुनाव हो रहा है तो भारत में क्यों नहीं। छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए उपचुनाव में भी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए भाजपा को एकतरफा जीत मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने बस्तर में विकास की बड़ा दावा तो किया, लेकिन सरकार बनने के बाद बस्तर से उड़ान भरने वाली हवाई सेवा को बंद कर दिया ▶▶| शेष पेज 12 पर

## डबल इंजन की सरकार बस्तर से उड़ान भरने वाली हवाई सेवा को बंद कर दिया: कवासी

### शासकीय भर्ती में निजी कंपनी का क्या काम

वन विभाग में हो रही भर्ती को लेकर लखमा ने कहा कि विभागीय मंत्री आंध्रप्रदेश की कंपनी का सहारा लेकर स्थानीय बेरोजगारों को उपेक्षित कर रही है। एनएमडीसी में मेकॉन कंपनी के बाद आंध्र की मित्तल कंपनी की एंट्री हो चुकी है, जो बाहरी को नगरनार में रोजगार दिया जा रहा है और स्थानीय को उपेक्षित रखा जा रहा है। इस मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष से चर्चा कर स्थानीय को रोजगार दिलाने कांग्रेस आंदोलन करेगी।




### राजनीति छोड़ देंगे…

पूर्व मंत्री लखमा ने कहा कि भाजपा ने पंचायतों में धान खरीदी केन्द्र और बैंक खोलने की घोषणा किया गया था जो सरकार बनने के लगभग एक वर्ष बाद भी एक भी स्थानों पर न बैंक खुला न सोसायटी खोली गई। उन्होंने कहा कि एक भी स्थानों पर घोषणा पूरी हुई होगी तो भाजपा बताए वे राजनीति छोड़ देंगे।

## खबर संक्षेप

### आयुक्त ने नए बस स्टैंड में साफ-सफाई का लिया जायजा



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के तहत बुधवार सुबह आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने नया बस स्टैंड परिसर का दौरा बाजार व्यवस्था का जायजा लिया। साफ-सफाई पर विशेष फोकस करते उन्होंने व्यापारियों को आवश्यक समझाइश दी। आयुक्त ने नया बस स्टैंड परिसर पहुंच बस स्टैंड की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर नियमित साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही बस स्टैंड के व्यापारियों से नगर निगम का सहयोग करते अपने अपने दुकानों, होटलों का कचरा को डस्टबिन में रख कचरा संग्रहण वाहनों में डालने की बात कही। साथ ही आयुक्त साहू ने बस स्टैंड परिसर में बसों को व्यवस्थित रूप से रखने संबंधी बात कही। आयुक्त ने बस स्टैंड परिसर को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, विनय श्रीवास्तव, राकेश यादव, प्रवीण पोयाम व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### लैब संचालक देगा 4 लाख की क्षतिपूर्ति

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदिका को डॉ. चिखलीकर स्केन एंड रिसर्च सेंटर द्वारा 4 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति अदा करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बकावंड निवासी निकिता भाटिया द्वारा चिकित्सक की सलाह पर डॉ. चिखलीकर स्केन एंड रिसर्च सेंटर लैब से कई प्रकार की टेस्ट करवाए गए थे, जिसमें उक्त लैब द्वारा परिवादी की ब्लड ग्रुप रिपोर्ट बी पॉजिटिव बताई गई थी। आवेदिका द्वारा बेहतर इलाज के लिए भिलाई जाने पर अन्य लैब में जांच करवाए जाने पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# ईसाई धर्म का प्रभार कर रहे आंध्रप्रदेश के 12 गिरफ्तार, धर्म प्रचार के लिए प्रयुक्त वाहन भी जब्त

कोंटा की गलियों में बाइबिल लेकर लाउड स्पीकर से कर रहे थे प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईसाई धर्म का प्रभार कर रहे आंध्रप्रदेश के 12 लोगों को कोंटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी लोग कोंटा की गलियों में बाइबिल लेकर लाउड स्पीकर के माध्यम से ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे थे। पुलिस ने मौके से सभी की गिरफ्तारी कर वाहन भी जब्त किया है। गौरतलब है कि बस्तर में धर्मांतरण थमने का नाम नहीं ले रहा है सुकमा जिले की सीमा से लगे कोंटा में आंध्रप्रदेश के दर्जन भर लोगों द्वारा नगर के अलग अलग वार्डों में ईसाई धर्म का प्रचार किया जा रहा था। इसकी जानकारी लगने के बाद बीजेपी व विहिप के लोगों द्वारा इसकी शिकायत कोंटा थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत में बताया आंध्र की सीमा से लगे रहने के कारण इस क्षेत्र के भोले भाले आदिवासियों को धर्मांतरण कराने आंध्र के कुछ ईसाई मिशनरियों के द्वारा समय समय पर कोंटा विकास खंड के अंदरूनी इलाकों में जीवन व्यापन करने वाले आदिवासियों के घरों में जाकर तरह तरह के प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। इससे आदिवासी संस्कृति पर खतरे मंडरा रहा है। क्षेत्र के कुछ आदिवासी समाज द्वारा इसको रोकने के लिए मुहिम चला रखी है, जो ईसाई धर्म को अपना रहे आदिवासी परिवारों को समझाकर वापिस अपने धर्म में लाने के प्रयास में लगे हुए ▶▶| शेष पेज 12 पर



### धर्म व देश की रक्षा हमारा संकल्प



हम सनातन धर्म के लोग हैं धर्म व देश की रक्षा हमारा संकल्प है। धर्मांतरण किसी भी हालात में स्वीकार नहीं है। भोलेभाले आदिवासियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
- पी विजय, विश्व हिंदू परिषद मेंबर व बीजेपी जिला उपाध्यक्ष सुकमा।

### जबरन बाइबिल किया जा रहा था वितरण

विहिप ने दर्ज शिकायत में बताया कि आंध्रप्रदेश काकीनाडा के मिशनरियों द्वारा प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करवाने अटल चौक कोण्टा में काकीनाडा भ्रमित जानकारियों मॉइक के जरिये दी जा रही थी व हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणियाँ करते हुए हिन्दु देवी-देवताओं का मजाक उड़ाकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने की नसीहत देते हुए जबरन बाईबिल वितरण किया जा रहा था। लोगों से कहा जा रहा था कि हिन्दू लोग नर्क में जायेंगें और किश्चन धर्म को अपनाने वाले लोग स्वर्ग को प्राप्त करेंगें।

### इनके खिलाफ मामला दर्ज…

भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत आपराधिक कृत्य एवं दण्डनीय अपराध होने से ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे के रवि 32 वर्ष निवासी मद्धुपुडी थाना कोरूकोण्डा जिला ईस्ट गोदावरी आंध्रप्रदेश, डी चण्टी बाबू 29 वर्ष, के कुमार पिता के चिन्ना 24 वर्ष, जंगम लोवा बाबू, नीलाम वेंकटेश 32 वर्ष, राचापल्ली लोवा कुमार, नीलाम राजू 30 वर्ष, नीलाम सुरेन्द्र 19 वर्ष, गोली वीराबाबू 32 वर्ष, बालाराजू पालापर्थी 29 वर्ष, के राजूबाबू 27 वर्ष व कालादारी दानियेल 48 वर्ष निवासी कट्टामुरू थाना पेदापुरम जिला काकीनाड़ा आंध्रप्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

# महापौर पर एफआईआर के लिए कांग्रेस ने न्यायालय में दिया पीआइएल आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ भ्रष्टाचार का न्यायालय ने लिया तत्काल संज्ञान

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय समेत अन्य कांग्रेस पार्षदगण नगर निगम महापौर सफिरा साहू द्वारा लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर आज जगदलपुर न्यायालय में एफआईआर को लेकर पीआईएल दाखिल हेतु आवेदन किया गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया महापौर के द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसके एफआईआर को लेकर पार्टी के पार्षद व नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय व समस्त पार्षदों द्वारा कलेक्टर बस्तर को लिखित शिकायत की गई थी। साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दो



बार इस विषय को लेकर महापौर के खिलाफ एफआईआर के लिए शिकायत किया गया था, परंतु कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले को संज्ञान नही लिया गया, जिसको देखते हुए पार्टी के उपनेता नेता प्रतिपक्ष व शिकायतकर्ता राजेश राय सहित पार्षदों ने न्यायालय में नगर निगम महापौर के खिलाफ एफआईआर के लिए पीआईएल दाखिल के लिए आवेदन दिया। श्री मौर्य ने कहा महापौर द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर भाजपा के नेता उन्हें बचाने में लगे हुए है। रोड किसी और वार्ड में बना और उसका लाखों रुपये सीधा महापौर के पास गया। जिसको लेकर अब ▶▶| शेष पेज 12 पर

# मित्तल व मेकॉन के अधिकारियों के स्टील प्लांट भ्रमण का जय झाड़ेश्वर समिति ने किया विरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ प्लांट को निजी कंपनी को देने की साजिश का आरोप लगाकर की नारेबाजी

नगरनार स्टील प्लांट में मित्तल व मेकॉन के अधिकारियों के गुप्त भ्रमण का आरोप लगाते हुए जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति नगरनार द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। समिति अध्यक्ष रैनू बघेल ने बताया कि प्लांट कर्मचारियों से मिली खबर के मुताबिक मित्तल व मेकॉन के अधिकारी और कर्मचारियों ने विगत दिनों प्लांट का गुप्त भ्रमण किया है। इसका विरोध करते हुए प्लांट के अधिशासी निदेशक को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया गया है।

समिति अध्यक्ष ने बताया कि प्लांट का मित्तल व मेकॉन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुप्त भ्रमण किया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि प्लांट को निजी कंपनियों को सौंपे जाने की साजिश रची जा रही है जो क्षेत्र के लोगों के साथ विश्वासघात है। अगर ऐसा होता है तो इसका जमकर विरोध करते हुए उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि स्टील प्लांट नगरनार का निर्माण ▶▶| शेष पेज 12 पर

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

जय झाड़ेश्वर समिति ने कहा कि अगर किए गए वादे व समझौते से एनएमडीसी मुकरती है तो इसका पुरजोर विरोध करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान समिति अध्यक्ष रैनू बघेल व सचिव लोकेश राव के अलावा बनमाली नाग, जलंधर नाग, सिमराम नाग, विशाल यादव हरी सेठिया, लखीधर बघेल, जाणेखेर साहु, तुरेनार सरपंच सम्पतं बघेल, भेजापदर सरपंच बुधसन कश्यप, गुड्डू विसाई, गणेश सेठिया, अशोक साहू, धनश्याम महापात्र, राधेश्याम, भगत सेठिया, निलाम्बर, गणेश काले, शेखर शर्मा, साईल ईयाल मण्डल उपाध्यक्ष रघु सेठिया, सचिन खरे, कमल समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

# इंद्रावती टाईगर रिजर्व के गिद्धों को प्रदेश में पहली बार लगाया जाएगा जीपीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर



इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर में मिले गिद्धों की ट्रैगिंग कर ट्रैग और प्रदेश में पहली बार गिद्धों को जीपीएस लगाएं जाएंगे। जिससे गिद्धों के हर राज से पर्दा उठेगा। इसके लिए रिजर्व के अधिकारी प्रयास कर रहे हैं। गिद्ध मुर्दा खोर पक्षी है और बड़े जानवरों के शवों को कुछ ही समय में चट कर जाते हैं। इसके लिए रिजर्व के अधिकारी प्रयास कर रहे थे पर केन्द्र सरकार ने रिजर्व बीजापुर में गिद्धों को ट्रैगिंग के लिए स्वीकृति दे दी। इन्द्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर के सटे गांव में 205 गिद्ध मिले, इसके लिए उसके अस्तित्व को जानने के उद्देश्य से ट्रैगिंग किया जाएगा। जीपीएस लगाने के बाद गिद्धों को छोड़ा जाएगा। जीपीएस ट्रैकर के माध्यम सें उसकी लोकेशन और गतिविधियों की जानकारी कर डाटा तैयार किया जाएगा। पक्षियों की पीठ पर पंखों के बीच उपकरण ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बांस से बनाया रेस्टोरेंट

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि गिद्धों के भोजन के लिए बीजापुर जिले के मद्देड़ से लगभग 12 किमी दूर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जंगल में गिद्धों के लिए रेस्टोरेंट बनाया है, जिससे बांस एवं बल्ली से बाउंड्री बनाई गई है। आसपास के गांवों के ग्रामीण मवेशियों को मरने के बाद इस रेस्टोरेंट में पहुंचा देते हैं, जिससे गिद्ध मरे हुए मवेशियों को खाते हैं। गिद्ध के कार्यशाला में इस रेस्टोरेंट को सराहा किया गया।

### जीपीएस लगाने की हो रही तैयारी

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) और क्षेत्रीय निदेशक आरसी दुग्गा ने बताया कि, गिद्धों की टैगिंग की जाएगी। इसके लिए अनुसंधान के विशेषज्ञ बुलाए जाएंगे, इसकी तैयारी की जा रही है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

# 3.82 लाख का अवैध धान व 27.88 लाख का मक्का जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मंडी ने 14 दिन में दर्ज अवैध धान के 9 व मक्का के 3 प्रकरण

शासन की ओर से 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू किया, इस दौरान अवैध धान को रोकने के लिए परिवहन रोकने के मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम गठित किया गया है, जो टीम सीमावर्ती राज्य के बनाए गए नाका में तैनात किया गया है। टीम ने अब तक 14 दिन में 163.60 क्विंटल अवैध धान एवं 1155 क्विंटल अवैध मक्का जप्त किया, जिसकी कीमत धान की लगभग 3 लाख 81 हजार 940 रूपए, मक्का लगभग 27 लाख 88 हजार 020 रूपए बताई जा रही है। इस तरह से बालेंगा, लोहंडीगुड़ा, बकावंड क्षेत्र में धान के 9 प्रकरण एवं मक्का के 3 प्रकरण दर्ज किया गया। मंडी प्रशासन मंडी अधिनियम 1972 धारा में कार्रवाई की जा रही है, हालांकि जप्त किए गए धान एवं मक्का को किसानों को सुपुर्द किया गया। मंडी की ओर से अवैध धान एवं मक्का पर ▶▶| शेष पेज 12 पर





# बड़े बेंदरी हायर सेकंडरी स्कूल में संविधान दिवस पर बनाई गई मानव श्रृंखला

## संविधान की गरिमा बनाए रखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ को विशेष अंदाज में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शिव कुमार तिवारी के संरक्षण और व्याख्याता अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में 75 का मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संविधान के उद्देश्यों और आदर्शों को समझने का प्रयास किया। इसके बाद विद्यालय स्तर पर संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

संविधान की गरिमा को बनाए रखने और इसके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। विद्यालय की विभिन्न इकाइयोंराष्ट्रीय सेवा योजना, जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी, यूथ एवं इको क्लब, डॉ. सीवी रमन विज्ञान एवं गणित क्लब और स्काउट एवं गाइड ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। संविधान दिवस का यह आयोजन विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा और ज्ञान का अद्वितीय अवसर साबित हुआ। उपस्थित सभी ने संविधान की गरिमा को बनाए रखने और इसके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया भाग



### इनका रहा योगदान

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों तिलक राम मांडवी, सरिता मांझी, कुन्ती नेताम, निर्मल कुमार सिन्हा, राजकुमार तिग्गा, उत्तरा साहू, कल्पना पैकरा और रूपाली शुक्ला ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कर्मचारियों अमजद पोयाम, अनंत चौरे और दीपक धुरव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैम्प कल से

कोण्डागांव। जिले में निर्माण श्रमिक और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जायेगा। श्रम पदाधिकारी के अनुसार 29 नवम्बर को विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम कुम्हारपारा, मसोरा, गिरोला में शिविर लगेगा। 2 दिसम्बर को विकासखण्ड माकड़ी के ग्राम बुड़रा, कांटागांव, लभा में 4 दिसम्बर को विकासखण्ड कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम मुनगापदर, सोनाबाल मोहलई में लगेगा। 6 दिसम्बर 2024 को बफना, नेवता, मुलमुला में, 09 दिसम्बर 2024 को बड़ेभिरावण्ड, बड़ेबेन्दरी, भगदेवा में और 11 दिसम्बर 2024 को कोकोड़ी, करंजी और बोलबोला में किया जाएगा। श्रमिक शिविर में पंजीयन हेतु परिवार के सभी सदस्यों का आधारकार्ड, बैंकपासबुक, मोबाइल नम्बर एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन के लिए आय प्रमाण पत्र लाकर आवेदन कर सकते हैं।

### लैब टैक्नीशियन का संविदा पद 29 को होगा वाक इन इंटरव्यू

कोण्डागांव। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत रिक्त लैब टैक्नीशियन के संविदा पद की भर्ती के लिए 25 नवम्बर को आयोजित वाक–इन इंटरव्यू अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था। अब यह वाक इन इंटरव्यू 29 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव में आयोजित किया जायेगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा मर्दापाल तहसील के ग्राम हांदापाल निवासी राजेश मण्डावी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिता जगनाथ मण्डावी को, माकड़ी तहसील के ग्राम हुक्काबेड़ापाथरी निवासी मानबती की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति मनिश्वर, पुत्री फुलेश्वरी, पुत्र गोलू और शैलेन्द्र को, केशकाल तहसील के ग्राम बड़ेठेमली निवासी रामजनम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुमित्र को, माकड़ी तहसील के ग्राम रांधना निवासी जयमति की पानी में डूबने से मृत्यु पर पति लखमूराम, पुत्र पुसेन्द और कमलेश, पुत्री सुमित्र, पवित्र और सबिता को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है।

**आयोजन :** ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा की गई आयोजित

# जिले में बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव अभियान का शुभारंभ शपथ ग्रहण के साथ विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा आज विज्ञान भवन नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कोण्डागांव जिले में भी कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव का आज शुभारंभ किया गया।

■ जागरुकता के लिए लोगों को दिलाई गई शपथ

जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विभागों को संचालन के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने को कहा गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता समस्त प्राधिकरण के अधिवक्ता, कानूनी सलाहकार एवं पैरालिगल वॉलेन्टियर के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम करते हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिले के समस्त पुलिस थाना, चौकियों, समस्त जनपद पंचायत स्तर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ जागरुकता अभियान चलाकर प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा को आयोजन किया गया। समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, समस्त स्कूलों, छात्रवासों, समस्त महाविद्यालयों, समस्त नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनिधियों, नगरीय निकाय की स्थानीय समिति के सदस्यों को बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ ग्रहण कराया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों, सखी सेंटर, बाल देखरेख संस्थानों में बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव के संबंध मे दीवार लेखन, रैली जैसे जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया और नोडल ग्राम पंचायतों में भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई कि बाल विवाह होने पर कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग कोण्डागांव, पुलिस, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्प लाइन 181 पर सूचना दी जा सकती है।



### बाल विवाहमुक्त भारत अभियान शुरू

नारायणपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और बाल संरक्षण की दिशा में आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर बाल विवाह को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों और सामाजिक जागरूकता पर बल दिया। कलेक्टर बिपिन मांझी के मार्गदर्शन में जिले में भी विविध कार्यक्रम हुए। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाएं हुई। इन सभाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प लिया।

■ नारायणपुर में आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम

जिला कार्यक्रम अधिकारी रविकांत के मार्गदर्शन और जिला बाल संरक्षण अधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों में पंचायत स्तर पर समुदाय के बीच बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने और इसे समाप्त करने के लिए सभी उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक शपथ ली। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों ने जागरूकता सत्र के माध्यम से बाल विवाह के कानूनी परिणामों और इसके सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। राष्ट्रीय कार्यक्रम से ग्रामीणों को जोड़ने के लिए विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। इस कार्यक्रम में सनातन मेरसा, सरिता बंजारी, मीरा सुरेशा, सच्ची देवांगन और महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

## इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अनाचार करने वाला युवक हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जेल दाखिल करा दिया गया है। फरसगांव थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया ने 26 नवंबर को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2023 जून से मई 2024 तक बालोण्ड पटेलपारा निवासी चैतराम मरकाम से इस्टाग्राम में संपर्क हुआ। उसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। पीड़िता को चैतराम मरकाम द्वारा माह जून 2023 में फोन कर शादी करूंगा कहकर जबरदस्ती बालोण्ड में बुलाया। चैतराम पीड़िता को नाबालिग होना जानते हुये भी अपने घर पटेलपारा ले जाकर रखा। अपने घर में पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर पीड़िता के इच्छा के विरूद्ध जबरदस्ती लगातार कई बार शारीरिक संबंध बनाते आ रहा था। जिससे पीड़िता गर्भवती से हो गई और 18 मई को पीड़िता एक स्वस्थ बच्चा को अपने मायके में जन्म दी है, जो अभी लगभग 7 माह का है। पीड़िता बच्चा को लेकर चैतराम मरकाम के घर बालोण्ड गई तब चैतराम पीड़िता से शादी करने से इंकार किया और बच्चा को भी मेरा नहीं है बोल कर पीड़िता को घर से भगा दिया। रिपोर्ट पर धारा 366,376 (2) (ड) भादवि., पॉक्सो एक्ट की धारा 6 कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी चैतराम मरकाम पिता सिवलू राम मरकाम उम्र 25 वर्ष निवासी बालोण्ड पटेलपारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 27 नवंबर को न्यायालय कोण्डागांव के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया। कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे चाना प्रभारी, सउनि. पिताम्बर कठार, प्र.आर. विजय पारेश्वर, आरक्षक संतोष एक्का, म.आर. वितावरी पाण्डे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

■ पीड़िता व उसके 7 माह के बच्चे को भी रखने से किया इंकार

## ऑनलाइन टोकन के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र से किसानों को हो रही सहूलियत

कोण्डागांव। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



कोण्डागांव विकासखंड के धान खरीदी केंद्र सोनाबाल में धान बेचने पहुंचे किसान संतोष सेठिया ने बताया कि वे 70 क्विंटल धान लेकर आए हैं। उन्होंने केंद्र में मिल रहे समुचित सहयोग की सराहना की और बताया कि यहां इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से धान की खरीदी हो रही है, जिससे उन्हें धान बेचने में सुविधा और पारदर्शिता का अनुभव हो रहा है। इसी प्रकार ग्राम बनियागांव के धान खरीदी केंद्र पर पहुंचे किसान लोकनाथ साहू ने बताया कि उन्होंने मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन कटवाया है। उन्होंने इस नई सुविधा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे टोकन कटवाने में आसानी हुई है और इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के उपयोग से समय की बचत हो रही है। इस तरह मुख्यमंत्री के नेतृत्व में धान खरीदी की नीति और सुविधाएं किसानों को राहत और सहूलियत प्रदान कर रही हैं।

### जिले में अब तक 1 लाख 77 हजार 612 क्विंटल धान की हुई खरीदी

कोण्डागांव। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में अब तक 01 लाख 77 हजार 612 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में टोकन कटाने से लेकर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रही है। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सभी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रतामापी यंत्र और माइक्रो एटीएम सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं से किसानों को अपनी धान बेचने में आसानी हो रही है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 01 लाख 77 हजार 612 क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जिसमें सबसे ज्यादा गम्हरी धान खरीदी केन्द्र में 11914 क्विंटल, मुलमुला केन्द्र में 9862 क्विंटल, बफना केन्द्र में 9154 क्विंटल, बहीगांव में 8685 क्विंटल और अरण्डी में 6991 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

## जिला एवं विकासखंड स्तर पर होगा युवा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर किया जाएगा। इसमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला तात्कालिक भाषण, कविता पाठ जैसे गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि आयोजन में भाग लेने वाले कलाकारों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रत्येक विधा का आयोजन विकासखण्ड पर होगा, जिसके विजेता जिला स्तर पर भाग लेंगे और जिला स्तर के विजेता राज्य स्तरीय आयोजन में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय आयोजन 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 4 दिसम्बर को प्रत्येक विकासखण्ड में सम्पन्न होगा। जिला स्तरीय आयोजन 13 दिसम्बर को जिला मुख्यालय में सम्पन्न होगा। आयोजन में भाग लेने वाले प्रत्येक युवा कलाकारों को पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन फार्म विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय या जनपद कार्यालय से या वरिष्ठ खेल अधिकारी के जिला कार्यालय कोण्डागाव से प्राप्त कर सकते है। पंजीयन की अंतिम तिथि 2 दिसम्बर है।

## रेटावंड में आबकारी की रेड 65 हजार की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने ग्राम रेटावंड में रेड मारकर मध्यप्रदेश निर्मित हजारों रुपए की अवैध शराब जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। डीईओ चन्द्रहास यदू के निर्देश पर टीम का गठन कर ग्राम रेटावण्ड निवासी मुन्ना बघेल के मकान में दबिश देकर गवाहो के समक्ष तलाशी ली गई। मकान के स्टोर रूम में 7 भूरे रंग के कार्टूनों में रखा 180 एमएल क्षमता वाले 350 बोतल गोवा स्प्रिट ऑफ स्मूथनेस ब्राण्ड का मध्यप्रदेश प्रांत निर्मित शराब कुल मात्रा 63 बल्क लीटर व सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखा 180 एमएल क्षमता वाले 150 बोतल 27 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामद कर जब्त किया गया। जब्त जब्त 90 बल्क लीटर शराब की अनुकूलित कीमत 65 हजार रुपए आंका गया है। मुन्ना बघेल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34(2),36, 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।



## विस्फोटक के साथ 4 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। भैरमगढ़ पुलिस ने पोन्दुम के जंगल से चार नक्सलियों को विस्फोटक के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत भैरमगढ़ थाना से जिलाबल की टीम पोन्दुम की ओर सर्चिंग पर निकली थी। अभियान के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पोन्दुम के जंगल से 4 व्यक्तियों को संदिग्ध रूप से लुकते छिपते भागने का प्रयास करते पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्धों के पास रखे थैला की तलाशी लेने पर टिफिन बम, कॉर्डेक्स वायर, बिजली का तार, स्वीच, खोदने का सामान बरामद किया गया। पुलिस द्वारा मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। पकड़े गए नक्सलियों में आरपीसी फुलादी जनताना सरकार अध्यक्ष सुक्कू हपका उर्फ पुलाल पटेल पिता लक्खु उम्र 41 निवासी हल्लुर थाना मिरतुर, मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर मन्नू हपका पिता सन्नू उम्र 23 निवासी हल्लुर थाना मिरतुर, आरपीसी फुलादी मिलिशिया सदस्य लछु माड़वी पिता स्व. सोमडु उम्र 25 निवासी हल्लुर थाना मिरतुर व आरपीसी फुलादी जनताना सरकार सदस्य कोसल माड़वी उर्फ गुलाब पिता बुदू माड़वी उम्र 20 निवासी हल्लुर थाना मिरतुर शामिल है। इनके विरुद्ध भैरमगढ़ थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।



## चिंचडोंगरी में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर गोद ग्राम चिंचडोंगरी में 24 नवंबर से 30 नवंबर तक लगाया जा रहा है। शिविर चिंतन विषय स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी हरिशंकर नेताम, व्याख्याता ने 47 स्वयं सेवक, 11 स्वयं सेविकाएं एवं संस्था के चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के साथ शिविर का संचालन कर रहे है। कार्यक्रम का आगाज श्रीमती जंगली कोर्राम, सरपंच चिंचडोंगरी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि नारायण नेताम, उपसरपंच–चिंचडोंगरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक ने किया। शिविर के उद्घाटन समारोह में ग्राम पंचायत चिंचडोंगरी के सभी पंच एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य द्वारा प्रति दिवस सहयोग के लिए संस्था के कर्मचारियों को कर्त्तव्यरत किया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर उद्घाटन में राजेश पाण्डेय, जयंत कुमार मजुमदार, श्रीमती देवयानी चौधरी, श्रीमती शांति कौशल, सुश्री रेखा ठाकुर, बी जॉन, राधेश्याम मांझी, मो. युसुफ, श्रीमती नीरू सिंह, श्रीमती ममता लकड़ा, श्रीमती भोमेश्वरी मरकाम, श्रीमती मृदुला गायकवाड, कु. दीपलता मरकाम, विजय नारायण पाण्डेय, परसु राम नामदेव, संजय ढाली, लक्ष्मण पोयाम, अभिलाष निषाद, रविकांत वर्मा, तुलेश कुमार निर्मलकर सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।



## पेज 11 के शेष

### ईवीएम की जगह ....

गया। उन्होंने कहा कि साय सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की दावा कर रही है, लेकिन प्रति एकड़ 10 से 15 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि कांग्रेस को लोग भ्रम फैला रहे हैं और कांग्रेसियों पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। सरकार के अधिकारी ही किसानों पर दबाव बना रहे हैं ऐसे में सरकार को अपने अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केशकाल घाट जिसे आज के हाईटेक समय में 15 दिन में मरम्मत कार्य पूर्ण करना था, लेकिन सरकार को लगभग दो माह का वक्त लग रहा है। लखमा ने स्व. महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोत्तरी को लेकर कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन को फीस बढ़ोत्तरी को वापस लेना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य व ओंकार जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### ईसाई धर्म का...

हैं। शिकायत में बताया कि कोंटा विकास खंड के अंदरूनी क्षेत्रों में बिना अनुमति के दर्जनों चर्च बनाया गया है, इसकी भी जांच पड़ताल कर कार्यवाही करवाना अनिवार्य है। इसी बीच मंगलवार दोपहर आंध्रप्रदेश के काकीनाडा और राजमेंद्री इलाके से ऑटो लेकर कोंटा पहुंचे ईसाई मिशनरी के 12 से 15 युवक ऑटो में माइक व हाथ में बाइबिल लेकर कोंटा नगर के हर गली में जाकर प्रचार करते हुए नजर आए जिसकी खबर हिन्दू सनातन धर्म के लोगों को लगते ही ऑटो के पास पहुंच गए और ऑटो सहित पुलिस थाना ले जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाया गया।

**भेजा गया जेल :** बिना अनुमति के दूसरे राज्य से छत्तीसगढ़ आकर तेज ध्वनि से माइक लगाकर धर्म का प्रचार करने के नाम पर कोंटा थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट में 12 ईसाई मिशनरी के लोगों के खिलाफ धारा 170, 126, 135 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को 15 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। जिले में पहली बार जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने कठोर निर्णय लेकर धर्मांतरण का प्रलोभन देने वाले के खिलाफ में कानूनी कार्यवाही कर सलाखों के पीछे भेजा गया है।

### महापौर पर एफआईआर....

महापौर मीडिया के समक्ष आकर झूठा बयानबाजी कर रही है कि इस कार्य में तकनीकी त्रुटि हुई है। कुल मिलाकर महापौर के किए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो चुका है। जिसको लेकर आज न्यायालय में महापौर के खिलाफ दिए गए पीआईएल दाखिल हेतु आवेदन करने के पश्चात न्यायालय द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए आगामी 20 तारीख को सुनवाई हेतु आदेशित किया गया। ये रहे मौजूद : इस अवसर पर रविशंकर तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, एडवोकेट संकल्प दुबे, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सुता, पार्षद सूर्यपानी, आभास महंती, कोमल सेना, ललिता राव, शुभम यदु, अनुराग महतो, सायमा अशरफ, संदीप दास, जॉर्ज टोप्पो, विककी निषाद, सुलो कश्यप, गीता आदि मौजूद रहे।

### लैब संचालक देगा ...

यह पाया गया कि आवेदिका का ब्लड ग्रुप बी नेगेटिव था। आवेदिका द्वारा ब्लड ग्रुप की गलत जानकारी दिए जाने के कारण आवेदिका और उसके नवजात शिशु का स्वास्थ्य खराब होने से उक्त लैब द्वारा लापरवाही किए जाने के कारण सेवा में कमी हेतु जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदिका, गलत ब्लड ग्रुप का ब्लड चढ़ाए जाने के कारण उसके और नवजात शिशु के स्वास्थ्य में हुए नुकसान को प्रमाणित करने में असफल रही है। इसलिए राष्ट्रीय आयोग के न्याय दृष्टांत को उद्धृत करते हुए जिला उपभोक्ता द्वारा यह माना गया है कि जब गलत रक्त परीक्षण रिपोर्ट दी जाती है तो यह मायने नहीं रखता है कि रोगी को कोई नुकसान हुआ है या नहीं और गलत रक्त परीक्षण रिपोर्ट देना अपने आप में सेवा में कमी है। इसलिए लैब संचालक को 4 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति का उत्तरदायी माना है।

### मित्तल व मेकॉन....

क्षेत्र के आदिवासी, पिछड़ा व दलित वर्ग को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्लांट के लिए हजारों हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण करते हुए अलग अलग पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन कर निजिकरण नही करने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया था। इन्हीं आपसी समझौतों के आधार पर क्षेत्र के सभी भूमि स्वामियों ने अपनी जमीन दी थी।

### इंद्रावती टाईगर....

लगाए जाएंगे। सैटेलाइट टैग के माध्यम से इनकी हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। गिद्धों के भोजन, पानी की स्थिति और वास स्थल की भी जानकारी ली जाएगी। विदित हो कि हॉल ही में छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा के इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर से सटे सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र भटककर तेलंगाना के भद्रादि कोत्तागुड़ेम इलाके के चेरला जंगलों के बीच बसे गांव में मध्यप्रदेश टायगर रिजर्व का जीपीएस के साथ गिद्ध पहुंचा था। उस गिद्ध को वल्चर बॉयोलाजिस्ट ने प्राकृतिक पर्यावास के बीच सुरक्षित पहुंचा दिया है। अंदाजा लगाया गया कि लगभग 600 किलोमीटर का लंबा सफर तय करने के बाद गिद्ध रास्ता भटक गया या फिर भूख की वजह से गांव में पहुंच गया होगा।

### 3.82 लाख का ....

जुर्माना करने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में तहसीलदार, एसडीओ सहित मंडी के निरीक्षक रमेश उप्पल, उप निरीक्षक जोहन लाल ध्रुव, पिंटू बघेल, ई-नाम के कर्मचारी प्रभाकरण आदि शामिल रहे।

**अवैध उपज रोकने टीम तैनात :** राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि संभाग के सभी कृषि उपज मंडी में तैनात टीम अवैध उपजों पर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों व पुलिस के मध्य हुई झूमा-झटकी

# फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई ने किया विश्वविद्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय का घेराव किया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शुल्क वृद्धि का विरोध कर कुलसचिव को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपने के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के विरोध में कुलपति, कुलसचिव के मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। छात्र शुल्क वृद्धि को लेकर इतने आक्रोशित हो गए कि कई दफा विश्वविद्यालय के चैनल गेट के पास पुलिस और छात्र नेताओं के बीच झूमा झटकी भी हुई। श्री खंबारी ने बताया कि हमने विश्वविद्यालय प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है अगर ये छात्रों पे आर्थिक बोझ डालने वाला फरमान वापस नहीं लिया गया तो एनएसयूआई संभाग के सभी छात्र छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय का घेराव कर उग्र प्रदर्शन करने बाध्य होगी। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में बाहरी अधिकारी बस्तर के छात्र छात्राओं को लूटने का काम रहे है। साथ ही उन्होंने विवि प्रबंधन को अल्टीमेटम देते कहा कि फीस वृद्धि निर्णय अविलंब वापस नही लिया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी विवि प्रबंधन की होगी। शमक एनएसयूआई अध्यक्ष पंकज कुमार केंवट ने कहा विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू की गई है, लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में पुस्तकें उपलब्ध नहीं है। इस दौरान प्रदेश सचिव सोनू कश्यप, तरणजीत सिंह,जश्न जोशी, निहाल तिवारी, कर्तव्य आचार्य, हंशु नाग, सागर कश्यप, नितेश जोशी, शिबू निराला, दीपेश पांडे, पुरवेंद्र बघेल, कुणाल पांडे, राहुल बिसाई, अंकित पांडे, सौरभ जोशी, राहुल टंडन, अमन चंदेल, किसु कश्यप, अमीषा कुलु, एकता, आदर्श तिवारी, राहुल यादव, तुषार प्रधान, किशोर बघेल, मितलेश कश्यप, अनंत परिहार, सोमेश प्रशाद, सुधा नाग, सूरज मौर्य, मधु गुप्ता, मिश्रिता, विनीता, तानिया, यशवंत, हर्ष जोशी एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।



**एबीवीपी ने की तोड़फोड़:** प्रदेश महामंत्री अरुण गुप्ता ने कहा शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव छात्र छात्राओं से बात नहीं करते। शायद इसी कारण से कल विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन के दौरान अभाविप ने तोड़फोड़ की। प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन ने कहा शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को कुलपति और कुलसचिव ने कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है, नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद भी पुस्तकों की खरीदी सिर्फ इसलिए नहीं की जा रही क्योंकि पब्लिशर से कमीशन की बात तय नहीं हुई है।

### नए कोर्सेस प्रारम्भ पर क्लास रूम नहीं

प्रदेश महामंत्री ज्योति राव ने कहा विश्वविद्यालय में नए कोर्सेस का संचालन जरूर शुरू हो गई हैं। लेकिन ना ही उन कोर्सेस के प्रायोगिक व्यवस्थाएं है ना ही क्लास रूम का ठिकाना। साथ विश्वविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं को छात्रावास की सुविधा नहीं मिल पा रही है जबकि कुलपति ने खुद छात्रावास भवन का उद्घाटन कर पूजा करवाई थी।

## खबर संक्षेप

### एडवेंचर हाइक व्यक्तिगत विकास शिविर



**भोंड।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय एडवेंचर हाइक व्यक्तिगत विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन ग्राम जलकी की सिरपुर जिला महासमुंद में किया गया है। जिसमें सम्मिलित होने बस्तर जिले की 30 सदस्य टीम जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में 25 नवम्बर को रवाना की गई। इस दल में सेजस तोकापाल से 8, हाइस्कूल कुरन्दी से 6, सेजस करीतगांव से 5 घाटलोंहगा से 7, कन्या क्र. से 2से स्काउट गाइड और 3 शिक्षक बस्तर टीम में शामिल है। इस अवसर पर जिला स्काउट आयुक्त दसरू यादव, डीएमसी अखिलेश मिश्रा और स्काउट गाइड़ मास्टर लिलेश देवांगन, एसआर अली, सुनीता डहरिया उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला का आयोजन कल

**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कुआकोंडा से जारी विज्ञप्ति अनुसार जनपद पंचायत कुआकोंडा के सभाकक्ष में जनपद स्तरीय रोजगार मेला 29 नवंबर को समय 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत के अन्तर्गत बेरोजगार युवा, युवती जो 18 वर्ष आयु से अधिक जैसे 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं योग्यताधारी-मार्कशीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ जनपद स्तरीय रोजगार मेला कार्यालय जनपद पंचायत कुआकोंडा के सभाकक्ष में युवक, युवतियों को संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### छात्रों ने किया रक्तदान

**बीजापुर।** बस्तर डिवीजन जेएनवी एल्युमिनी एसोसिएशन बडजा के तत्वाधान में बीजापुर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान किया। विदित हो कि बड़ज़ा, बस्तर संभाग के सातों जिलों के नवोदय विद्यालयों से निकले छात्रों का पंजीकृत संगठन है। जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता निभाना है। बीते माह कन्या रेसीडेंशियल स्कूल नैमेड में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर लगभग 84 बच्चों को चश्मा वितरण किया गया था। इसी कडी में सामाजिक सहभागिता निभाने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें एक महिला रक्तवीर सहित कुल 18 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्त वीरों को सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर अरुण एवं आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण कंवर के कर कमलो से फूल माला पहनाकर, सर्टिफिकेट वितरण कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय प्रबंधन का विशेष सहयोग के साथ साथ जलपान एवं रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में बड़ज़ा उपाध्यक्ष अंकित गांधरला, जिला संयोजक सदाशिव दुर्गम, अमित गांधरला, देव प्रकाश चापड़ी, डालेंद्र देवांगन, भरत दुब्बा का सहयोग रहा।

### हर घर जल प्रमाणीकरण से ग्रामीणों में उत्साह

# दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन बना ग्रामीणों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा







कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुर्कालंका के अंतर्गत गच्चनपल्ली, ग्राम पंचायत कारीगुंडम के अंतर्गत पुट्टपाड़ और निमलगुडा, ग्राम पंचायत चिउरवाड़ा के अंतर्गत चिउरवाड़ा और ग्राम पंचायत कोडरीपाल के अंतर्गत कोडरीपाल गांवों को जल जीवन मिशन के तहत शत प्रतिशत हर घर में जल पहुँचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया। ग्राम सभा में स्थानीय पटेल, मुखिया, सचिव, पीएचई विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचायतों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है।

पहुंच मार्ग के अभाव में पहाड़ों और जंगलों के बीच से कठिनाई का सामना करते हुए भी जल जीवन मिशन कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। ग्रामीणों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों से चुनौतीपूर्ण कठिन परिस्थितियों में भी योजना को साकार किया जा रहा है।

#### पानी की गुणवत्ता जांचने दिया प्रशिक्षण

कार्यक्रम के दौरान ग्राम जल वाहिनी दीदी और ग्रामीणों को एफटीके फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी समन्वयक द्वारा बनाए गए स्टैंड पोस्ट और पाइपलाइनों की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत योजना के सफल संचालन, संधारण और प्रबंधन के लिए ग्रामवासियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग और घरेलू नल कनेक्शन को सही तरीके से बनाए रखने का आग्रह किया गया। कोडरीपाल गांव में हर घर से 50 जल कर वसूलने की पहल की गई है, जो ग्रामीणों की सहभागिता और उनकी जल प्रबंधन के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। यह योजना के निरंतर संचालन के लिए एक सराहनीय कदम है। ग्राम सभा और प्रशिक्षण सत्रों में पीएचई विभाग के जिला समन्वयक सीडीएटी अरुण सरकार, डब्लूक्यूएमआईएस समन्वयक सतीश साहू, उप अभियंता दिलीप मांडवी और रितेश पैकरा सहित अन्य मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### दुर्गम क्षेत्रों में पहुंची जल जीवन मिशन

गच्चनपल्ली, पुट्टपाड़, निमलगुडा, चिउरवाड़ा और कोडरीपाल गांवों में हर घर जल उत्सव आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच और स्थानीय समितियों की सहभागिता से इन गांवों को भी हर घर जल प्रमाणीकरण का दर्जा मिला । जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुकमा जिले के संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास और सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह पहल जल संकट से जूझ रहे दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विधायक ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने मंगलवार को विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे। क्रिकेट मैदान के समीप आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छोटे देवड़ा धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान लैम्पस प्रबंधक टिकेश्वर सेठिया से विधायक ने जानकारी लेते हुए पूछा कि इस वर्ष आपके लैम्पस में कितने पजीकृत किसानों ने पंजीयन कराया है। लैम्पस प्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष कुल पंजीयन जिन किसानों का हुआ है उनकी सँख्या 787 किसान है। अभी तक खरीदी विक्रय कृषक 17 जिसमें से 980.40 क्विंटल खरीदी की गई है। धान खरीदी केंद्र में अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए विधायक ने प्रबंधक से प्रति एकड़ कितने का टोकन कट रहा है टोकन मे धान तो कम तो नहीं लिया जा रहा है। प्रबंधक ने बताया कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से ही किसानों को टोकन दिया जा रहा है। विधायक ने उपस्थित कर्मचारियों को किसानों को दिक्कत ना हो धान बेचने में इस बात का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया। धान खरीदी केंद्र में पहुंचे किसानों से चर्चा करते हुए पूछा कि टोकन कटने में दिक्कतों का सामना करना तो नहीं पड़ रहा है। किसानों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि धान खरीदी को लेकर कोई भी समस्या आए तो तत्काल फोन लगाकर मुझे अवगत करा सकते हैं। धान खरीदी केंद्र में समस्या न हो मैंने उच्च अधिकारियों को साफ तौर पर कह चुका हूं।

## छुटवाई में फोर्स की मदद से शुरू हुआ मोबाइल सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के अंदुरुनी क्षेत्रों के ग्रामीणों व युवाओं को संचार सुविधा से जोड़ने चलाये जा रहे संचार क्रांति में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। तर्रेम क्षेत्र के छुटवाई में फोर्स की मदद से बीते दिनों जिओ मोबाईल नेटवर्क शुरू कर दिया गया है। छुटवाई में मोबाईल नेटवर्क शुरू होने से इसका लाभ अब ग्रामीण व युवा वर्ग को आसानी से मिलने लगेगा।

उसूर ब्लाक के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंदुरुनी गांव छुटवाई में नियद नेल्लानार योजना के तहत वहां के ग्रामीण व युवाओं को सौगात देते हुए फोर्स की मदद से जिओ मोबाईल नेटवर्क शुरू कर संचार सुविधा का विस्तार किया गया हैं। बीते दिनों छुटवाई में नियद नेल्लानार योजना के तहत लगे टावर के शुरू होने से छुटवाई सहित गुंडेम, कोंडापल्ली, गगनपल्ली व मुरकीनार के ग्रामीण भी इसका लाभ उठाएंगे। संचार क्रांति की इस नई पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों का मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलने लगेगा। साथ ही मजबूत नेटवर्क व इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले छात्रों व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे ऑनलाइन पढ़ाई में फायदा पहुंचेगा। सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस व प्रशासन द्वारा उठाये गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों को अब आसानी से अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ हैं।



# गुम 4 मोबाइल फोन लोगों को मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



दरभा पुलिस ने 4 ग्रामीणों के चोरी किए गए और खोए हुए मोबाइलों को ढूंढ निकाला है। 4 मोबाइलों को उनके मालिकों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।

दरभा पुलिस के इस काम की दरभा ब्लॉक में प्रशंसा की जा रही है। कोयपाल निवासी बिंदिया कश्यप, नंद किशोरी जिनका फोन कुछ दिन पहले चोरी हों गया था। उनका कहना है बुधवार को मुझे मेरी चोरी हुई मोबाइल फोन पुलिस द्वारा लौटाया गया। जिससे मैं बहुत खुश हूं साथ ही दरभा पुलिस की सरहानीय कार्य की प्रशंसा करती हूं। दरभा पुलिस थाना के प्रभारी चाणक्य नाग की मौजूदगी में चोरी हुई और गुम हुए 4 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिया गया। दरभा पुलिस ने सर्विलांस टीम साइबर की मदद से मोबाईल खोने और चोरी होने की दर्ज रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए फोन को ढूंढ निकाला। इससे पहले भी 7 लोंगो को उनके मोबाईल फोन वापस किये गए थे। थाना प्रभारी ने कहां है अभी फिर चार लोंगो के मोबाइल बरामद हुए है। मोबाइल खोने और चोरी होने की जो सूचना दर्ज हुई थी उसी क्रम में पुलिस की स्पेशल सर्विसलांस साइबर टीम ने इन मोबाइल को ट्रेक किया। उनको बरामद कर इससे जो लोग प्रभावित हुए थे उन लोगों को वापस लौटाए गए हैं। आगे भी इस तरह की कार्रवाई पुलिस करते रहेगी।

### युवा प्लाटून कमांडर पद पर चयनित...



कोंटा। माओवाद प्रभावित क्षेत्र से प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित सोढ़ी देवा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सोढ़ी देवा को प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा भी उपस्थित थे।

# कबीर पंथ के अनुयायियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



कबीर पंथ अनुयायियों के धर्मस्थल दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार में कबीर पंथ के वंशाचार्य हुजुर उदितनाम साहेब पर हमला का जगह-जगह विरोध हो रहा है। जिससे इस पंथ के अनुयायियों में आक्रोश है। इसी मामले को लेकर बस्तर जिले के कबीर पंथ के सैकड़ों अनुयायियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला बस्तर के डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कबीर पंथ अनुयायियों ने बताया कि कबीर पंथ का इतिहास 600 वर्षों से ज्यादा पुराना है। इसके अनुयायी देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत हैं। कबीर पंथ शांति का पंथ है तथा व्यक्ति निर्माण एवं सदभावना, भाईचारा को बढ़ावा देता है। पंथ समाज के लोगों ने बताया कि 31 अक्टूबर को धर्मनगर दामाखेड़ा में जिला बलौदाबाजार में असामाजिक तत्वों ने नवोदित वंशाचार्य हुजुर उदितमुनि नाम साहेब पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। बताया कि कबीर पंथ हमेशा सत्य, अहिंसा और शांति का पक्षधर रहा है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहायक रहते हैं। सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली मिशन के बस्तर जिला प्रतिनिधि ने अपने वक्तव्य में कहा कि उपरोक्त मामला सोची-समझी साजिश एवं दुर्भावना से किया गया हमला है जो पंथ अनुयायियों के मन मस्तिष्क को विचलित कर रहा है जिससे कबीर पथियों के मन में मानवीय स्वभाव से दुख एवं आक्रोश है। अतः जल्द से जल्द हमलावरों पर कार्रवाई करवाने के लिए आपसे विनम्र अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य के माननीय मुख्यमंत्री जी को हमारी ज्ञापन को प्रेषित कराया जावे। ज्ञापन देने वालों में सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास साहब वंशावली मिशन जिला बस्तर के जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान, परोपकारी प्रतिनिधि पवनदास बघेल, जिला सलाहकार महंत लक्ष्मीकांत पंत, जिला युवा प्रतिनिधि तुलेशदास, महिला प्रतिनिधि हीरामनी, तहसील प्रतिनिधि गिरधर दास, अनिल बघेल, सुखचंद दास, महंत केदार दास, लक्ष्मण दास, सोनाधर दास, ललित दास, महंत बुधमन दास, महंत कपिल दास, अजर दास, रतन दास, रामचरण, फरसू दास सहित काफी संख्या में आमीन माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल आदि प्रकोष्ठ के कबीर पंथ अनुयाई मौजूद रहे।

### विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के सवालों का दिया जवाब



**बस्तर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना 7 दिवसीय विशेष शिविर मांदर में 24 नवंबर से आयोजित है। शिविर के द्वितीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एमआर मंडावी के आमंत्रण से आदिवासी युवा छात्र संगठन विकासखंड ईकाई लोहण्डीगुड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा बारी-बारी से विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा और कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। आदिवासी युवा छात्र संगठन के सदस्यों ने छात्रों को अपने अनुभव साझा किए और उन्हें सफलता के लिए आवश्यक गुणों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनके सवालों का जवाब दिया।

# विधायक ने स्व सहायता समूह से जुड़ने महिलाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम





जनपद पंचायत गीदम के नागदेवता संकुल संगठन मुचनार में ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024 के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के लिए परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। 17 स्व सहायता समूह के दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जिसमे स्थानीय व परम्परागत सामग्रियों से 26 प्रकार के स्वादिष्ट पकवान प्रस्तुत किये गये व जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में 8 स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीवामृत, हांडी दवा, घनामृत, बीजामृत, गोबर खाद प्रस्तुत किया गया। साथ ही संकुल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य बैसुराम मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत बारसूर उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दंतेवाड़ा से नितेश देवांगन, उमेश पाल उपस्थित रहे। चैतराम अटामी द्वारा जैविक कृषि से जुड़ने के लिए सभी स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया। प्रतियोगिता परीक्षण दल ऋषिका नेताम पर्यवेक्षक, विकास जोशी के द्वारा मूल्यांकन व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम स्थान पर साक्षी स्व सहायता समूह कोरकोटि, द्वितीय स्थान पर माता तुलसी स्व सहायता समूह पदमेटा ने स्थान हासिल किया। जैविक खेती प्रतिस्पर्धा अंतर्गत प्रथम स्थान पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह मुचनार , द्वितीय स्थान पर वान्या मां दंतेश्वरी स्व सहायता रोंजे ने स्थान हासिल किया। विधायक ने सभी को पुरुष्कृत कर बधाई के साथ उत्साहवर्धन किया।

# प्राथमिक शाला कारली के बच्चों को कराया न्यौता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के प्राथमिक शाला पुलिस लाइन कारली में पदस्थ सहायक शिक्षिका गीता देवांगन का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर न केवल विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल बनाया, बल्कि उनके प्रति सम्मान और प्रेम को भी उजागर किया। समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक गाए गए गीत और केक काट कर हुई। बच्चों ने शिक्षिका और उनके मार्गदर्शन को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए गीता देवांगन के पति बलाराम देवांगन प्रधानपाठक माशा कारली ने विद्यार्थियों और अतिथियों के लिए एक भोज का आयोजन किया। बच्चों और शिक्षकों ने इन व्यंजनों का आनंद लेते हुए समारोह का हिस्सा बने रहने का भरपूर आनंद लिया।

समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी गीदम शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल प्राचार्य केआ ठाकुर, संकुल समन्वयक इनोर कोवासी, प्रदीप कुमार गर्ग, मीना कोर्राम, नीलम सिंह, पूनम देवांगन और महेश नेताम जैसे अतिथि उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 38/अ-6/2024-25

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है श्रीमती चन्द्रा जेठवा पति स्व. बलदेव जेठवा एवं अन्य 03 निवासी पखनागुड़ापारा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला पखनागुड़ापारा स्थित शीट नं.- 122 प्लॉट नं.-52/15 53/11 54/3 क्षेत्रपाल 360+210+180 वर्गफीट भू-भाटक 62.50 रूपये की भूमि खातेदार बलदेव जेठवा पिता कांजी भाई जेठवा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की खातेदार बलदेव जेठवा पिता कांजी भाई जेठवा की मृत्यु दिनांक 23.12.2023 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर मृतक खातेदार के विधिक वारिसों का नाम दर्ज करने नामांतरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 11/12/2024 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनाँक 26/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी जगदलपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 39/अ-6/2024-25

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनुराधा दीक्षित पति अखिलेश दीक्षित निवासी हाउस नं. 122 लागू गली दीनदयाल उपाध्याय वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला प्रतापगंजपारा स्थित शीट नं.- 79 प्लॉट नं.- 66/1 शामिल भू-खण्ड 55 क्षेत्रफल 4167 वर्गफीट, भू-भाटक 1148.60 रूपये की भूमि खातेदार गीता पति स्व. नारायण एवं अन्य 06 सा. देह. के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदिका द्वारा पिता हर्ष अवस्थी की मृत्यु उपरान्त नजूल अभिलेख में विधिक वारिसो का नाम दर्ज होना छुट जाने का उल्लेख करते हुए विधिक उत्तराधिकारियों के रूप में आवेदिका का नाम दर्ज करने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 11/12/2024 तक इस न्यायालय में आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनाँक 26/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी जगदलपुर

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | REXTON Hearing Aids Available
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### कुष्ठ मरीजों मिला एमडीटी एवं अल्सर कीट



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के निर्देशानुसार जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीके ठाकुर के द्वारा मंगलवार को बकावंड ब्लाक के सेक्टर जैबल के एसएचसी गारेंगा के आश्रित ग्राम छोटे जिराखाल में एनएलईपी कार्यक्रम के अंतर्गत पीड़ति कुष्ठ रोगी और संभावित कुष्ठ रोगियों से भेंटकर उनकी उपचार स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें सतर्कता बरतने सहित निर्धारित दवाइयों का सेवन करने की समझाइश दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित मरीजों को एमडीटी एवं अल्सर कीट प्रदान किया। इन रोगियों में आरएफटी मरीज, उपचारित मरीज एवं ग्रेड-2 डी के मरीज शामिल थे। मरीजों को आवश्यक सलाह सीनियर स्वास्थ्य कार्यकर्ता आरके माली द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला एपीडिमीयॉलाजिस्ट डीके पानीग्राही, एमपीएस एमएल पानीग्राही, एएनएम बी.रेखा नागेश, सीएचओ पल्लवी पटेल और ग्रामीण क्षेत्र के मितानिन उपस्थित थे।

### संविधानिक गुढ़ी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन



**जगदलपुर।** गांव गणराज्य बुरूंगपाल के संविधानिक गुढ़ी में मंगलवार को भारतीय संविधान की सेवा अर्जी(पूजा )करने के पश्चात भारतीय संविधान, पेसा कानून-डा.भीमराव अंबेडकर-अमर रहे, लोकसभा ना विधानसभा सबसे उँचा, मावा नाटे-मावा राज का नारा लगाते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावना को वाचन कराया गया। संविधान गुढ़ी को लोग इसलिए पूजा करते हैं क्योंकि 1992-93 मे डायकेन नामक एक फैक्ट्री बुरूंगपाल, मावलीभाटा, डिलमिली क्षेत्र मे स्थापित होने वाली थी तभी इस दौरान पूर्व कलेक्टर डॉ बी. डी. शर्मा ने लोगो को जागरूक किया, पूरे गांव वाले उनके रहने के लिए कुठिया बना दिए इसी कुटिया में रहकर पेसा कानून ड्राफ्टींग किये और अंत मे गांव वालों का विरोध देखते हुए फैक्ट्री को अपना बोरा बिस्तर उठाना पड़ा, तब से लेकर आज तक इस क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र बन गया और इसे संविधानिक गुढ़ी (मंदिर )का दर्जा दिया गया।

### दलपत सागर में 7 दिसम्बर को होगा दीपोत्सव



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के तहत आज आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने दलपत सागर का दौरा किया। आगामी 7 दिसंबर को दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में आयुक्त ने दलपत सागर का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिसमें आगामी दीपोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को दलपत सागर धाट की समुचित साफ सफाई व्यवस्था,घाट का रंग-रोगन कार्य, लाईटिंग व दीपोत्सव के अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, स्वच्छता अधिकारी हेमंत श्रीवास, सहायक अभियंता अमर सिंह, दीपांशु देवांगन, प्रवीण पोयाम,अमन नेताम, राजस्व विभाग के विनय श्रीवास्तव व कर्मचारी उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

**जगदलपुर।** भारतीय सिन्धु सभा के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने सिन्धु भवन में 30 नवम्बर की सुबह 10 बजे से 1 बजे तक शिविर लगेगा। इसके लिए आधार कार्ड, फोटो, राशनकार्ड लाना होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश देवानी ने दी।

### कमिश्नर एवं आईजी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ली कलेक्टर एवं एसपी की बैठक

# समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए समन्वित पहल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह और आईजी सुंदरराज पी. ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर और एसपी की बैठक ली और मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही सहित आत्म समर्पित माओवादी तथा माओवाद पीड़ितों के पुनर्वास स्थिति की समीक्षा करते हुए इस दिशा में समन्वित पहल किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी जिलों में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान तथा अन्य कार्यवाही, आत्म समर्पित माओवादियों तथा माओवाद पीड़ितों के पुनर्वास के लिए स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाभान्वित करने और रोजगार प्रदाय स्थिति की गहन समीक्षा की गई और कार्ययोजना के अनुरूप कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए।

- तम्बाकू नियंत्रण के लिए सकारात्मक प्रयास करने की जताई आवश्यकता

कमिश्नर ने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाने सहित कार्यवाही पर जोर देते हुए ग्रामीण इलाकों में भी ग्रामसभा में चर्चा कर जनसहयोग से तम्बाकू नियंत्रण के लिए सकारात्मक प्रयास करने की आवश्यकता जताई।

#### भूमि चिन्हांकन में समन्वय स्थापित करें

आईजी ने आवास निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन में वन विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को इस दिशा में सहयोग प्रदान करने कहा। आईजी ने रोजगार देने की दिशा में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर संबंधितों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। आईजी ने कानून व्यवस्था स्थापित करने पर ध्यान केंद्रीत कर स्थिति के अनुरूप कार्यवाही के लिए तत्काल प्रभावी पहल किए जाने के निर्देश दिए।




#### खिलाड़ियों को समुचित सुविधाएं मिले

कमिश्नर ने संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया कि सभी जिलों से खिलाड़ियों हेतु आवास, भोजन एवं परिवहन व्यवस्था के लिए पृथक-पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। वहीं खिलाड़ियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बस्तर जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करें। स्पर्धा प्रारंभ होने के एक दिन पहले खिलाड़ियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने जिलों में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल देते हुए प्रत्येक सप्ताह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व एवं पुलिस विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा कर सजगता से कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

#### बैठक में स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग पर जोर

बैठक के दौरान वनसंरक्षक बस्तर वृत्त आरसी दुग्गा ने आत्म समर्पित माओवादियों तथा माओवाद पीड़ितों के पुनर्वास कार्यक्रम के तहत आवास निर्माण भूमि की उपलब्धता के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश वनमण्डला अधिकारियों को दिए। साथ ही स्थानीय संभावनाओं के मद्देनजर लाख पालन, वनोपज प्रसंस्करण, बकरी पालन, सुकर पालन, मधुमक्खी पालन इत्यादी के लिए स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग देने पर जोर दिया।

वहीं आत्म समर्पित माओवादियों तथा माओवाद पीड़ितों के पुनर्वास कार्यक्रम के तहत आत्म समर्पित माओवादियों के लिए जिला मुख्यालय में ट्रांजिट हॉस्टल, कौशल विकास प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन तथा आवास निर्माण एवं रोजगार की सुलभता हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। बैठक के दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर बस्तर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वहीं डीआईजी द्वय कमलोचन कश्यप एवं अमित काम्बले और सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी, सीईओ जिला पंचायत और डीएफओ वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

#### ट्रांजिट हॉस्टल की व्यवस्था कर आदेश जारी करें

आईजी ने आत्म समर्पित माओवादियों तथा माओवाद पीड़ितों के पुनर्वास कार्यक्रम के तहत ट्रांजिट हॉस्टल की व्यवस्था कर शीघ्र आदेश जारी करने, प्राथमिकता के आधार पर तीन महीने का स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग देने हेतु 15 दिसंबर से प्रशिक्षण शुरू करने सहित स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग में आत्म समर्पित माओवादियों को वरीयता देने के निर्देश दिए। वहीं आत्म समर्पित माओवादियों को पुनर्वास कार्यक्रम से लाभान्वित किए जाने हेतु सम्बंधित जिलों को अन्य जिलों से भी समन्वय किए जाने कहा।

# गिरदावरी में सत्यापन के अनुरूप धान का विक्रय करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य सरकार की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के तहत गिरदावरी में सत्यापित रकबा एवं फसल के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। वहीं किसानों को अपनी उपज के विक्रय करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह देते हुए किसी अन्य का धान स्वयं के खाते से नहीं बेचने की अपील की गई है। इस दिशा में किसानों के द्वारा विक्रय किए जा रहे धान की जांच नोडल अधिकारी कर रहे हैं। साथ ही सम्बन्धित अन्य अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में बस्तर विकासखण्ड के बालेंगा धान खरीदी केन्द्र पर एक किसान द्वारा गिरदावरी में सत्यापित रकबा 1.04 हेक्टेयर से अधिक 1.75 हेक्टेयर का टोकन कटवाकर दूसरे किसान के धान का विक्रय करने के प्रयास किए जाने के परिणामस्वरूप उक्त धान को जप्त कर सम्बधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

- गिरदावरी में दर्ज रकबा से ज्यादा का टोकन कटवाकर दूसरे किसान के धान विक्रय करते पाए जाने पर हुई कारवाई



अनुविभागीय दंडाधिकारी बस्तर से इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान सतत निगरानी एवं जांच की जा रही है। साथ ही धान खरीदी केन्द्रों का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जा रहा है।

एसडीएम बस्तर एआर राणा ने बताया कि मंगलवार को धान खरीदी केन्द्र बालेंगा में एक किसान द्वारा गिरदावरी में दर्ज रकबा से अधिक रकबे का टोकन प्राप्त कर अतिरिक्त धान विक्रय करने की जानकारी उक्त धान खरीदी केन्द्र प्रभारी द्वारा दी गई। इस सूचना के आधार पर निरीक्षण के लिए पहुंची तहसीलदार जॉली जेम्स को एक किसान द्वारा गिरदावरी में सत्यापित रकबे से ज्यादा रकबे का टोकन कटवाकर अन्य किसान के धान विक्रय करने का प्रयास करते पाया गया। इस मौके पर लाए गए 32 क्विंटल अतिरिक्त धान को जप्त किया गया और जप्त धान को मंडी निरीक्षक के सुपुर्द किया गया। वहीं संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि कलेक्टर हरिस के निर्देशानुसार अनुविभाग के अंतर्गत धान खरीदी पर सतत निगरानी रखे जाने सहित अवैध धान के परिवहन एवं विक्रय पर सख्त कार्यवाही किए जाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# भारत के नागरिकों को कर्तव्यों के साथ अधिकार भी मिला : पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय संविधान दिवस पर भाजपा कार्यालय में मंगलवार को संविधान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनारायण पांडे ने कहा कि सविंधान से हम सब सुपरिचित हैं। भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान सभा ने हमारे संविधान को 26 नवंबर 1949 को स्वीकार किया था। इसके दो महीने बाद यानी कि 26 नवंबर 1950 को इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पहली बार इस दिन को मनाये जाने की शुरुआत वर्ष 2015 से की गई थी। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को एक अधिसूचना में 26 नवंबर को हर साल 'संविधान दिवस' के तौर पर मनाने की बात कही थी।

- भाजपाईयों ने बाबा साहेब आंबेडकर को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

एल. ईश्वर राव ने कहा कि 75 साल पहले आज ही के दिन संविधान सभा ने संविधान निर्माण का बहुत बड़ा काम किया था। संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। कार्यक्रम को श्रीनिवास मिश्रा, विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास राव मद्दी, दिनेश कश्यप ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन नरसिंह राव ने एवं आभार प्रदर्शन दिनेश पाणिग्राही ने किया।

कार्यक्रम में अश्विनी कुमार सरडे, आलोक अवस्थी, राजपाल कसेर, आयेन्द्र सिंह आर्य, उमाकांत सिंह, रंजीत पांडे, नरेंद्र पाणिग्राही, राजेश श्रीवास्तव, सुनील दास, योगेश ठाकुर, गोदावरी साहू, ममता राणा, गीता नाग, प्रमिला कपूर, मीना विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संविधान दिवस के अवसर पर क्राइस्ट कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रोफेसर फादर थॉमस पी जे के उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने संविधान के महत्व और इसके आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संकल्प लिया कि वे संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सदुपयोग करेंगे और कर्तव्यों का पालन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण विविधता में एकता का उत्सवः पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गीत गाए, नृत्य प्रस्तुती आदि के माध्यम से संविधान के मूल्यों को दर्शाया। इसके अलावा, छात्रों ने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन ने छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय भावना का संचार किया और उन्हें संविधान के प्रति जागरूक बनाया।

# सर्व आदिवासी समाज ने मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सर्व आदिवासी समाज ने आदिवासी विश्राम भवन में भारतीय संविधान दिवस मनाया। इस दौरान बस्तर संभागीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता प्रकाश ठाकुर ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर , जयपाल सिंह मुंडा, ठाकुर राम प्रसाद पोटाई को याद करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर, जयपाल सिंह मुंडा और ठाकुर राम प्रसाद पोटाई ने आदिवासी समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

- अम्बेडकर का जीवन दलितों और आदिवासियों के उत्थान के लिए समर्पित था

नेताओं ने समाज के पिछड़े वर्ग, विशेषकर आदिवासी समुदाय, के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और उनके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य किए। संविधान दिवस भारत में हर साल 26 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय संविधान की अधिसूचना और इसके अपनाए जाने की याद दिलाता है। 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था, हालांकि यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान दिवस का उद्देश्य भारतीय संविधान की महत्वपूर्णता और इसके अधिकारों, कर्तव्यों, और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता फैलाना है। बसंत कश्यप ने बताया कि संविधान दिवस, जो हर साल 26 नवम्बर को मनाया जाता है, भारत के संविधान को अपनाने की तिथि को याद करने का अवसर है।

सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग अध्यक्ष संतु मौर्य ने कहा कि भारतीय संविधान में आदिवासी समाज के लिए महत्वपूर्ण और गहरा योगदान रहा। उनका जीवन और कार्य विशेष रूप से समाज के दबे-कुचले वर्गों, दलितों और आदिवासियों के उत्थान के लिए समर्पित था।

इस दौरान गंगा नाग, बलदेव मौरिया, पांडू वट्टी, वन सिंह मौर्य, रूपचंद नाग, लक्ष्मीनाथ कश्यप, अमिर कश्यप, शोभा मांडवी, नीरज नाग एवं समाज प्रमुख उपस्थित थे।

# भारतीय न्याय संहिता पुस्तक का न्यायधीश ने किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय न्याय संहिता 2023 का विमोचन किया गया।

न्यायाधीश जगमोहन पटेल ने कहा कि यह पुस्तक भारतीय न्याय संहिता पर एक व्यापक खंड-वार पुस्तक है, जो 1 जुलाई 2024 से लागू हुई। यह पुस्तक संहिता में पेश किए गए नए प्रावधानों की व्याख्या करती है और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता, 1860 के प्रावधानों में पेश किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डालती है। उन्होंने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक विधि के छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। यह पुस्तक अत्यंत सरल भाषा में भारतीय न्याय संहिता की व्याख्या करती है। न्यायाधीश राहुल श्रॉफ ने कहा कि यह पुस्तक उभरते मुद्दों के साथ-साथ विधायी और न्यायिक विकास को भी संबोधित करती है। आपराधिक कानून के सुस्थापित नियमों में महत्वपूर्ण बदलावों और विकासों पर इस पुस्तक में चर्चा की गई है।डॉ सोलंकी ने इस पुस्तक के बारे में बताया गया कि यह बस्तर में पहली विधि की पाठयक्रम में उपयोगी पुस्तक है। इसको बहुत ही सरल भाषा के साथ समझने योग्य बिंदुओं को रखा गया है।

# संविधान में सभी को समानता का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन पर मंगलवार को न्यायाधीशगणों की उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ के लायब्रेरी कक्ष में संविधान दिवस का मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री संघरत्ना भतपहरी जिला एवं तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं विशेष अतिथि अरूण कुमार दास अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पित कर दीप प्रज्जवल कर किया गया। कार्यकम में दिनेश पानीग्राही एवं दिनेशचन्द्र जोशी पूर्व अध्यक्ष द्वारा संविधान के निर्माण के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए बताया कि आज के ही दिन हमारा संविधान निर्मित हुआ था तथा इसे सभी नागरिकों पर समानता प्रदान करने के लिए 26 जनवरी को लागू किया गया। हमारे संविधान में सभी को समानता का अधिकार प्रदान किया गया है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार दास द्वारा सभी को संविधान की रक्षा करने के साथ-साथ उनका पालन करने, भारत की प्रभुता, एकता, और अखंडता की रक्षा किए जाने हेतु भी प्रेरित करते हुए मूलभूत अधिकार, मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यकम का सफल संचालन नवीन कुमार ठाकुर, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल जगदलपुर द्वारा किया गया।

- न्यायालय परिसर में मनाया संविधान दिवस




इसमें अजय सिंह राजपूत जिला एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जगमोहन शंकर पटेल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अमित कुमार कोहली अपर जिला एवं द्वितीय सत्र न्यायाधीश, रूपनारायण पठारे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गिरीश पाल सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, सुश्री अंकिता कश्यप व्यवहार न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राहुल सराफ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, श्रीमती दंतेश्वरी नेताम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, सुश्री टेसी पटेल व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, अरूण कुमार दास अध्यक्ष जिला अधिवक्ता सहित जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस कौंसिल के पदाधिकारी, पक्षकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी शामिल रहे।

#### संविधान के पालन पर किया प्रेरित

स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन सुश्री उदयलक्ष्मी परमार द्वारा भारतीय संविधान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कैसे करना चाहिए बताते हुए संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों से संविधान का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि संविधान के पालन से ही अधिकारों को प्राप्त किया जा सकता है।

